भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1646

सोमवार, 2 मार्च, 2020/12 फाल्गुन, 1941 (शक)

प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान-धन योजना

1646. श्री सौमित्र खान:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान-धन योजना में राज्य-वार कितने नामांकन हुए हैं;

(ख) क्या उक्त नामांकन सरकार द्वारा लक्षित अनुमान की अपेक्षा से कम हैं;

(ग) क्या सरकार की इसे अधिक आकर्षित बनाने के लिए इस स्कीम में संशोधन करने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): व्यापारियों, दुकानदारों और स्व-नियोजित व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना (पहले इसका नाम प्रधानमंत्री लघु व्यापारी-मान-धन था) व्यापारियों, दुकानदारों और स्व-नियोजित व्यक्तियों को वृद्धावस्था संरक्षण प्रदान करने हेतु दिनांक 12.09.2019 को आरंभ किया गया है। राज्य-वार नामांकनों की संख्या अनुबंध में दी गई है।

चूंकि यह योजना महज 12 सितम्बर, 2019 को आरंभ की गई है, इस योजना को लक्ष्य समूहों के बीच प्रचलित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सभी राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को यह योजना प्रचलित करने और इसके बारे में अधिक जागरुक बनाने हेतु अनुरोध किया गया था। मिशन मोड के तहत पहल करने हेतु राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से मंत्रालय में वरिष्ठ स्तर पर योजना की प्रगति की निरंतर समीक्षा की जा रही है।

*

*****

अनुबंध

प्रधानमंत्री लघु व्यापारी-मान-धन योजना के संबंध में श्री सुमित्रा खान द्वारा पूछे गए दिनांक 02.03.2020 के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 1646 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

एनपीएस व्यापारी के तहत संघ राज्य क्षेत्र/ राज्य-वार नामांकन		
क्र.सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम	26.02.2020 की स्थिति के अनुसार नामांकन की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	5230
2	अरुणाचल प्रदेश	69
3	असम	517
4	बिहार	778
5	छत्तीसगढ़	4753
6	गोवा	3
7	गुजरात	3094
8	हरियाणा	1354
9	हिमाचल प्रदेश	77
10	जम्मू और कश्मीर/ लद्दाख	73
11	झारखंड	371
12	कर्नाटक	798
13	केरल	75
14	मध्य प्रदेश	427
15	महाराष्ट्र	807
16	मणिपुर	32
17	मेघालय	26
18	मिजोरम	0
19	नागालैंड	11
20	ओडिशा	429
21	पंजाब	193
22	राजस्थान	675
23	सिक्किम	0
24	तमिलनाडु	377
25	तेलंगाना	407
26	त्रिपुरा	312
27	उत्तर प्रदेश	10030
28	उत्तराखंड	742
29	पश्चिम बंगाल	446
30	अण्डमान और निकोबार	122
31	चंडीगढ़	1813
32	दादरा और नागर हवेली	6
33	दमन और दीव	6
34	लक्षद्वीप	0
35	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	105
36	पुडुचेरी	121
	कुल	34279

*****